एक नजर में

आचार्यश्री अशोकसागर सूरिश्वर का चातुर्मासिक प्रवेश आज

उज्जैन। साधना, स्वाध्याय व संयम के प्रतिरूप एवं करुणा, दया, अहिंसा, क्षमा, तप, ध्यान, समता के प्रकाशपुंज आचार्य अशोकसागर सूरिश्वर का ऐतिहासिक चातुर्मास प्रथम बार श्रीपाल और मैनासुंदरी की अवंतिका नगरी में श्री माणिभद्र वीर की जन्मस्थली श्री केसरियानाथ यक्षराज माणिभद्र तीर्थ भैरवगढ़ पर कल्याणकारी व समृद्धिदायक चातुर्मास होगा। श्री आदेश्वर-चन्द्रप्रभु ट्रस्ट नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि आचार्य भगवंत बंधु बेलडी अशोकसागर सूरिश्वर आदि ठाणा-8 के चातुर्मास प्रवेश के महोत्सव का सामैया जेल रोड भैरवगढ़ से नवकारसी के पश्चात प्रात: 9 बजे आरंभ होगा। जो बैंड बाजो के साथ विभिन्न मार्गों से होकर घर-देरासर मणिभद्र वीर धाम भैरवगढ़ पर समापन होगा। तत्पतश्चात आचार्य भगवंत अशोकसागर सूरिश्वर जैन धर्म के सिद्धांतों पर आध्यात्मिक प्रवचन आरंभ होंगे। प्रवचन के पश्चात सकल श्रीसंघ के स्वामिवात्सल्य की व्यवस्था रखी गई है। लाभार्थी सूरजबाई बाबूलाल जैन रामसणा, डॉ. पारस जैन रामसणा की स्मृति में विद्या पारस, डॉ. वर्धमान-किरणबाला रामसणा जैन परिवार ने नवकारसी व सकल श्रीसंघ के स्वामिवात्सल्य का लाभ लिया है। श्रीसंघ के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड, अभय मेहता, शेखर कोचर, रमेशचंद्र मूणत, बागमल गंधी, कमल पिछोलिया, प्रकाश सांवरा, अश्विन मेहता, ललित बम, राजेश कांकरिया, संतोष भड़क्तिया, अर्पित कोचर, रविंद्र डागा, तरुण सालेचा, अमित खाबिया, पवन छाजेड, आरसी जैन, सुनील मूणत, सोहन आंचलिया, अशोक चत्तर, विजय सालेचा, राजेंद्र बोहरा, प्रवीण कांकरिया, राजेंद्र खिमेसरा, दिनेश जैन, श्रीपाल लोढ़ा, धर्मेंद्र सालेचा, जिनेन्द्र मेहता, दिलीप छाजेड, मानमल दुग्गड, अजित दख, निलेश दुग्गड, विजय जैन, निलेश सालेचा, मनीष भड़क्तिया, नवीन कांकरिया, मुकेश श्रीमाल, राजेश रत्नबोहरा, आयुष जैन, श्री माणिभद्र वीर भक्त मण्डल, श्री आदेश्वर -चन्द्रप्रभुजी महिला व बहु मण्डल आदि ने प्रवेश महोत्सव में सम्मलित होकर जिनशासन की शोभा व सृजन में अभिवृद्धि करने का आग्रह किया है।

अक्षरा किड्स एकेडमी में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

उज्जैन। जनसेवा और समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अक्षरा किड्स एकेडमी द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श और जांच की गई। बाल रोग, स्त्री रोग, दंत चिकित्सा, आहार परामर्श, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं फ्री हेल्थ चेकअप जैसी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की गईं। शहर व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने इस शिविर में भाग लिया और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में आए मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, डेंटल चेकअप, आदि जांच की गईं और उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया गया। विशेषज्ञों ने लोगों को रोजमर्रा की जीवनशैली, आहार एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में भी उपयोगी सुझाव दिए। शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहा, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली। सी-6/14, महाकाल वाणिज्य केंद्र में आयोजित शिविर की सफलता पर अक्षरा किड्स एकेडमी की प्राचार्या डॉ. श्वेता तोमर ने सभी चिकित्सकों, सहयोगियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े समस्त जनों का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है, और हम शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा में भी अपना योगदान देते रहेंगे। अक्षरा किड्स एकेडमी की इस पहल की सभी ने सराहना की और संस्थान के सामाजिक दायित्व निर्वहन की भावना को प्रेरणादायक बताया।

बैंक मित्रों का प्रथम महासम्मेलन 12 जुलाई को भोपाल मे होगा

महिदपुर। केंद्र सरकार की जन-धन योजना एवं बैंकिग सेवाओ को जन-जन तक पहुंचाने वाले बैंक मित्रों का प्रथम भव्य महासम्मेलन 12 जुलाई को रवींद्र भवन श्यामला हिल्स भोपाल में होगा। जिसमे मध्यप्रदेश के सभी बैंक मित्र शामिल होंगे। महासम्मेलन में अन्य कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन जिला उपाध्यक्ष बलराम धानक ने बताया की बैंक मित्रो का यह पहला प्रादेशिक बड़ा आयोजन है। जिसमें मध्य प्रदेश के सभी राष्टीयकृत बैंकों के बैंक मित्र शामिल होंगे। उक्त जानकारी मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन महिदपुर के ब्लॉक अध्यक्ष भैरुदास बैरागी ने दी।

शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव का आयोजन

महिदपुर। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में सत्र 2025-26 के दो चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हैं साथ ही दिनांक 5 जुलाई 2025 से 10 जुलाई तक तृतीय चरण सीएलसी चरण सीट आवंटन तथा प्रवेश शुल्क भुगतान की प्रक्रिया चलेगी। प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस 4 जुलाई को महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष श्री विमल कुमार मेहता के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेश कुमार माहौर ने कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं प्रवेश संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। तत्पश्चात महाविद्यालय के वाणिज्य विषय के प्राध्यापक डॉ .जेड.यू. अहिंगर ने वाणिज्य एवं डॉ. प्रभाकर मिश्र ने कला संकाय के पाठ्यक्रम संबंधित जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इसी क्रम में द्वितीय दिवस डॉ घनश्याम सिंह ने रासेयो, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ से विद्यार्थियों को परिचित कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के विकास में महती भूमिका का वर्णन किया। राधा वर्मा ने बताया कि ई-ग्रंथालय ज्ञानार्जन का एक सशक्त विकल्प है। डॉ. नैना तिवारी ने प्रोजेक्ट एवं वोकेशनल विषयों की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए सीसीई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अंत में विद्यार्थियों को लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया। तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव का समापन 7 जुलाई सोमवार को होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मां के नाम पर पेड़ लगाकर भाजपा ने बढ़ाया हरियाली का संदेश

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनकी शिक्षा व योगदान की याद किया

नागदा। भाजपा नगर मंडल एवं बिरलाग्राम मंडल के सामूहिक तत्वावधान में 6 जुलाई को महिदपुर रोड नागदा में स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम आयोजन कर 101 से अधिक पौधे लगाए। डॉ. श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की जयंती पर उनके प्रति सम्मान व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल एवं बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन की अगवानी में जन संघ के संस्थापक शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी, मा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, उज्जैन ग्रामीण मंडल जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष गेहलोत, जिला महामंत्री धर्मेश जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल यादव, सुबोध स्वामी, बबीता रघुवंशी मंचासीन रहे। विधायक डॉ. चौहान एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने आगंतुक पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगर के प्रबुद्धगण को संबोधित कर बताया कि भाजपा द्वारा पूरे देश में हरियाली के संदेश को व्यापक बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को हरियाली के लिए प्रेरणास्पद बताया और धरती को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। महान शिक्षाविद, चिन्तक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। बताया कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का विरोध किया और इसके खिलाफ संघर्ष किया। उनका नारा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे आज भी प्रसिद्ध है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता, नगरवासी, नगर महिला मंडल पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। वृहद स्तर पर कॉलेज परिसर में पौधा रोपण कर 101 से अधिक पौधे लगाए, सभी ने अपने पौधे के साथ में फोटो लिया तथा जन जागृति के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल का उनके जन्मदिन के अवसर पर विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड़ तथा सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला मंडल ने जन्मदिन पर स्वागत किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा शुरू किया गया है। पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण और मां के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ हुआ। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

भाजपा नगर मंडल ने मनाई श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती

बड़नगर। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा भाजपा के पितृ पुरुष एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती का कार्यक्रम नगर में पाला रोड स्थित उद्यान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या के द्वारा पितृ पुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

इस अवसर पर विधायक पंड्या ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बचपन से ही प्रखर राष्ट्रवाद एवं उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण थे। अखंड भारत एवं देश की एकता के लिए, देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का मंत्र दिया। जिसे हमारी वर्तमान की केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर उनके इस स्वप्न को साकार किया। स्वागत भाषण नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर ने दिया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नीम, पीपल, बड़, एवं औषधीय संबंधित 21 पौधों का रोपण किया गया एवं मछलियों को परमल, बिस्कुट, आटा दाना दिया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, महिला उषा सोनी, श्याम शर्मा, नरेंद्र राठौड़, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अंकित पाटोदी, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष राम प्रसाद राठौड़, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश माली, पार्षद आनंद अनावड़िया एवं पार्षद प्रतिनिधि बहादुर बादशाह, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद एवं नगर महामंत्री अजय दोराया द्वारा किया गया एवं आभार युवा मोर्चा महामंत्री गुलशन खटोड़ ने माना।

स्वर्गारोहण दिवस पर अभिषेक बड़ी पूजा, इकतीसा

महिदपुर। प्रगट प्रभावी,जंगम युग प्रधान भट्टारक दादा श्री जिनदत्त सूरी गुरुदेव के 871 वें स्वर्गारोहण दिवस निमित्ते असाडी गली स्थित नवफणा पार्श्वनाथ मंदिर में प्रात: प्रथम बार दादा गुरुदेव का अभिषेक हुआ। जिसका लाभ सरदारमल, संदीप कुमार, विराज चौपड़ा परिवार ने लिया। इनमें निश्रा प्रखर व्याख्यात्री चंदनबाला, कुशालप्रज्ञा आदि ठाणा की प्राप्त हुई। दोपहर को 2 बजे से दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा लाभार्थी प्रकाशचंद,मनीष, राजेश मेहता परिवार की ओर से सिद्धचक्र संगीत मंडल के प्रकाश मेहता, रितेश सोनगरा, अमृत सोनगरा गुरु, विमल डोसी, ढोलक और संगीत वादक द्वारा पढ़ाई गई। रात्रि को 8 बजे से दादा गुरुदेव का इकतीसा का पाठ समाज जनों द्वारा किया गया।जानकारी मीडिया प्रभारी सीमा चौपड़ा ने दी।

शिव ही शाश्वत है प्रथम शिव लिंग पूजा विष्णुजी द्वारा की गई : पं. व्यास

घट्टिया। शिव ही शाश्वत है प्रथम शिव लिंग पूजा विष्णुजी द्वारा की गई उक्त बात जगोटी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा व्यास पं. संतोष व्यास ने शिवलिंग उत्पत्ति की कथा सुनाते हुए कही।

पं. व्यास ने अलग अलग युगों में शिवलिंग के आकार और प्रकार का वर्णन करते हुए शिवपूजा पूजा का महत्व बताया। आरती का लाभ मनोहर पंड्या, भंवरलाल मुकाती, धर्मेन्द्रदास बैरागी, राजकुमार काबरा, डॉ. भंवरसिंह केलवा, माकणलाल जायसवाल, प्रतापसिंह लाला, प्रेमनारायण पंड्या, भरत लाल जोशी, सुमन दीदी सहित भक्तों ने लिया। प्रसाद वितरण हुआ।

सर्वप्रथम सामाजिक संस्था का दायित्व ग्रहण समारोह

महिदपुर। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था नागदा ने महिदपुर सिटी में संस्था की शाखा प्रारंभ की है। संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी ने बताया कि इस संस्था की नींव 14 जनवरी 2022 को रखी गई थी संस्था में करीब 300 महिलाएं हैं जिन बालिकाओं के माता या पिता नहीं है उनके लिए संस्था अभिभावक बनी है।

महिदपुर में शाखा का शुभारंभ करते हुए आकिंचन बालिकाओं को शैक्षणिक सामग्री शिक्षण किट स्टडी टेबल के साथ अन्य सामग्री भेंट की गई। गौरतलब है कि यह संस्था महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए भी प्रयासरत हैं। संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा, महासचिव कुमुद पायल ओझा, कोषाध्यक्ष अनीता पांडे, सचिव सीमा ओझा, सदस्य भारती मालवीय ने संस्था के कार्य के लिए रोहिणी मेहता, शाखा प्रभारी शीतल व्यास, शाखा सह प्रभारी रजनी गुलाटी, मीडिया प्रभारी नीतू जैन नियुक्त किए गए। दायित्वग्रहण समारोह में प्रभा शर्मा, सुनीता पालीवाल, आरती उथरा, किरण बैरागी, आशा राठौर, उमा पांडे, रेखा व्यास, लवलीन कालरा, सपना यादव, सुजाता मांडीवाल, सरिता कालरा आदि बहने उपस्थिति रहीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी एडवोकेट ने दी।

8 जुलाई से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव

उज्जैन। भारतीय संस्कृति के महानतम गुरु सांदीपनि की उज्जैन की गौरवमयी गुरु परंपरा का निर्वहन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्पंदन पारमार्थिक शिक्षा एवं सामाजिक उन्नयन समिति और संजय जैन शिष्य मंडल ने अपने मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत, विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु, ज्योतिषज्ञ, वास्तुविद संजय जैन गुरु के सम्मान में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु वंदना दिवस, गुरु उपकार दिवस सेवा समर्पण, पर्यावरण सरंक्षण और परोपकार की अनेक गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा।

पहले दिन 8 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के तहत शहर के मुख्य मंदिरों में फल, फूल, मिठाई, पूजन सामग्री इत्यादि भेंट कर गुरु पूर्णिमा समारोह के लिए आशीर्वाद लिया जाएगा।

9 जुलाई को गुरु आव्हान, गुरुजी निमंत्रण और गुरु चरणों की वंदना की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम होटल अबिका एलाईट, फाजलपुरा में 10 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आरंभ होगा। इस समारोह में भक्तिमय सुंदर काण्ड पाठ और ज्वलंत शर्मा की भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुसार पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत वृक्षा रोपण और औषधीय पौधों का वितरण कर के की जाएगी। प्रदूषण मुक्ति हेतु कपड़े की थैली के वितरण के साथ सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई जाएगी।

> **गुरु वंदना दिवस, गुरु उपकार दिवस, सेवा समर्पण, पर्यावरण सरंक्षण और परोपकार की अनेक गतिविधियां होंगी**

आज की ज्वलंत समस्या, ट्रैफिक जागरूकता के लिए रेडियम सेवा सामग्री का भी वितरण किया जाएगा।

साथ ही कुछ विशेष समाजसेवकों को स्पंदन गौरव सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। गुरुजी लिखित पुस्तक भाग्यचक्र, कर्मचक्र और वास्तु शास्त्र का विमोचन भी किया जाएगा।

इसके साथ, नए शिष्यों को गुरु दीक्षा भी प्रदान की जाएगी। अंत में गुरु प्रसादी का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर विशेष क्विज और अन्य विशेष आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए है।

समिति द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगर निगम सभापति कलावती यादव, नंदू भैया, नारायण यादव, विधायक अनिल कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, रजत मेहता सहित अन्य गणमान्य हस्तियों को स्पंदन गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

संजय जैन गुरुजी शिष्य मंडल और स्पंदन समिति ने सभी गुरु भक्तो से आग्रह किया है कि गुरू पूर्णिमा प्रोग्राम के समस्त आयोजन में शामिल हो कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

उद्यापन समाज के 20 जोड़ों ने की एकादशी व्रत उद्यापन में पुर्णाहुति

श्री राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट एवं महिला मंडल ने किया एकादशी व्रत उद्यापन

उज्जैन। श्री राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन एवं महिला मंडल द्वारा कार्तिक चौक स्थित राठौर धर्मशाला में समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, महिला अध्यक्ष दुर्गा राठौर एवं सचिव निर्मला चौहान के मार्गदर्शन में एकादशी व्रत उद्यापन महोत्सव का आयोजन किया गया। एकादशी व्रत उद्यापन में समाज के लगभग 20 जोड़ों ने भाग लिया। पंडितो द्वारा पूरे विधि विधान से लगभग 3 घंटे से भी अधिक समय तक एकादशी व्रत उद्यापन संपन्न कराया।

अल सुबह प्रारंभ हुई इस उद्यापन की शुरुआत भगवान गणेश एवं भगवान विष्णु की पूजा के साथ हुई। सभी ने हिंदू परंपरा के अनुसार मंत्र उच्चार के साथ पूजन संपन्न किया। साथ ही सभी 20 जोड़ों ने एवं समाज के बंधुओ ने पूर्णआहुति कर इस एकादशी व्रत का समापन किया। एकादशी व्रत के इस महोत्सव में उज्जैन सहित देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर सहित प्रदेशभर से सामाजिक बंधु शामिल हुए। श्री राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन द्वारा आयोजित इस एकादशी व्रत उद्यापन महोत्सव में सभी ने यज्ञ में पूर्ण आहुति कर परिवार के सुख समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर सचिव धर्मेंद्र मगरवा, मनोहरलाल राठौर, तेज कुमार राठौर, शिवनारायण राठौर, मदनलाल राठौर, युवा अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, आशीष राठौर, नगर अध्यक्ष विजय राठौर, राजेंद्र परमार, संतोष राठौर, अरुण राठौर, सत्यनारायण राठौर, दीपक राठौर, डॉ सुनील राठौर, महिला मंडल से सुशीला राठौर, अनीता राठौर, पार्वती राठौर, सीमा राठौर, ब्रजबाला गहलोत, अनुराधा राठौर, राजू राठौड़, सुनीता राठौर, कविता राठौर, किरण राठौड़, मधु राठौर, सुनीता राठौर, दाखाबाई राठौर, संगीता राठौर, लता राठौर, भावना राठौर, पिंकी राठौर, माधुरी राठौर, उषा राठौर, पूर्णिमा राठौर, मीना राठौर सहित समाजजन उपस्थित रहे।